Code No. **32/1**
कोड नं.

Roll No. | | | | | | | |
रोल नं.

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages **+ 2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **36** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **36** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

## SUMMATIVE ASSESSMENT – II

## संकलित परीक्षा – II

# SOCIAL SCIENCE

# सामाजिक विज्ञान

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

***General Instructions :***

*(i)* *There are **36** questions in all. All questions are compulsory.*

*(ii)* *Marks for each question are indicated against the question.*

*(iii)* *Questions from serial number **1** to **16** are Multiple Choice Questions (MCQs) of **1** mark each. Every MCQ is provided with four alternatives. Write the correct alternative in your Answer-book*

*(iv)* *Questions from serial number **17** to **29** are **3** marks questions. Answers of these questions should not exceed **80** words each.*

*(v)* *Questions from serial number **30** to **34** are **4** marks questions. Answers of these questions should not exceed **100** words each.*

*(vi)* *Question number **35** is a map question of **2** marks from History and Question number **36** is a map question of **3** marks from Geography.*

*(vii)* *Attach the filled up maps inside your answer book.*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *कुल **36** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न संख्या **1** से **16** तक बहुविकल्पीय प्रश्न **एक-एक** अंक के हैं । प्रत्येक बहुविकल्पीय प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं । सही विकल्प को अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।*

*(iv)* *प्रश्न संख्या **17** से **29** तक के प्रश्न **तीन-तीन** अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **80** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *प्रश्न संख्या **30** से **34** तक के प्रश्न **चार-चार** अंकों के हैं । इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए ।*

*(vi)* *प्रश्न संख्या **35** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **2** अंक का इतिहास में से है और प्रश्न संख्या **36** मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न **3** अंक का भूगोल में से है ।*

*(vii)* *भरे हुए मानचित्रों को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए ।*

1. Which one of the following is ***not*** true about the female allegory of France ? *1*

(A) She was named Marianne.

(B) She took part in the French Revolution.

(C) She was a symbol of national unity.

(D) Her characteristics were drawn from those of Liberty and the Republic.

**OR**

Which one of the following was an impact of the Great Depression of 1930s on Vietnam ? *1*

(A) Japan defeated and occupied Vietnam.

(B) Price of rice and rubber increased.

(C) There was decrease in unemployment.

(D) There were uprisings in rural areas.

फ्रांस की महिला रूपक के विषय में निम्नलिखित में से क्या सही ***नहीं*** है ?

(A) उसका नाम मारीआन था ।

(B) उसने फ्रांसीसी विद्रोह में भाग लिया ।

(C) वह राष्ट्रीय एकता का प्रतीक थी ।

(D) उसकी विशेषताओं को स्वतंत्रता और गणतंत्र से लिया गया ।

**अथवा**

1930 के दशक में महामंदी का वियतनाम पर निम्नलिखित में से कौनसा एक प्रभाव था ?

(A) जापान ने वियतनाम को हराया और उस पर कब्ज़ा कर लिया ।

(B) चावल और रबड़ की कीमतें बढ़ीं ।

(C) बेरोजगारी में कमी आई ।

(D) ग्रामीण क्षेत्रों में विद्रोह हुए ।

2. Which one of the following states was ruled by an Italian princely house before unification of Italy ?

(A) Kingdom of Two Sicilies

(B) Lombardy

(C) Venetia

(D) Sardinia-Piedmont

**OR**

Which one of the following statements is ***not*** true about the Trung sisters of Vietnam ?

(A) The Trung sisters fought against French domination.

(B) They fought against Chinese domination.

(C) Phan Boi Chau wrote a play on the lives of the Trung sisters.

(D) They chose death over surrender to enemies.

इटली के एकीकरण से पहले निम्नलिखित राज्यों में से किस राज्य पर इतालवी राजघराने का शासन था ?

(A) दो सिसिलियों का राजतंत्र

(B) लोम्बार्डी

(C) वेनेशिया

(D) सार्डिनिया-पीडमॉण्ट

**अथवा**

वियतनाम की ट्रंग बहनों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सही ***नहीं*** है ?

(A) ट्रंग बहनें फ्रांसीसी सत्ता के विरुद्ध लड़ीं ।

(B) वे चीनी सत्ता के विरुद्ध लड़ीं ।

(C) फान बोई चाऊ ने ट्रंग बहनों के जीवन पर एक नाटक लिखा ।

(D) उन्होंने शत्रुओं के सामने आत्मसमर्पण करने की बजाय, मृत्यु को चुना ।

3. Which one of the following statements is ***not*** related to the Gandhi-Irwin Pact ? *1*

(A) Gandhiji agreed not to launch any further mass agitations against the British.

(B) Gandhiji agreed to participate in the Round Table Conference.

(C) Gandhiji decided to call off the Civil Disobedience Movement.

(D) The British agreed to release the political prisoners.

निम्नलिखित में से कौनसा कथन गांधी-इरविन समझौते से सम्बन्धित ***नहीं*** है ?

(A) गांधीजी इस बात के लिए सहमत हुए कि वह ब्रिटिश शासन के खिलाफ पुनः कोई जन आन्दोलन प्रारम्भ नहीं करेंगे ।

(B) गांधीजी गोल मेज़ सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए सहमत हुए ।

(C) गांधीजी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन वापस लेने का निर्णय लिया ।

(D) अंग्रेज़ी सरकार राजनीतिक कैदियों को रिहा करने पर राज़ी हो गई ।

4. Why did Nationalists in India tour villages to gather folk songs and legends ? Choose the most appropriate reason from the following : *1*

(A) Nationalists wanted to study their own culture.

(B) Nationalists wanted to publish it and earn money.

(C) Nationalists did it because it gave a true picture of traditional culture.

(D) Nationalists wanted to keep folk culture intact.

भारत में राष्ट्रवादी, लोक गीतों और जनश्रुतियों को इकट्ठा करने के लिए गाँव-गाँव क्यों घूमे ? निम्नलिखित में से सबसे उपयुक्त कारण चुनिए :

(A) राष्ट्रवादी अपनी संस्कृति का अध्ययन करना चाहते थे ।

(B) राष्ट्रवादियों ने इन्हें प्रकाशित करा कर, धन कमाना चाहा ।

(C) राष्ट्रवादियों ने यह इसलिए किया कि जिससे वे परंपरागत संस्कृति की सही तसवीर पेश कर सकें ।

(D) राष्ट्रवादी लोक संस्कृति को सुरक्षित रखना चाहते थे ।

5. Which one of the following minerals is a fossil fuel ?

(A) Barium

(B) Coal

(C) Zircon

(D) Uranium

निम्नलिखित खनिजों में से जीवाश्म ईंधन कौनसा है ?

(A) बेरियम

(B) कोयला

(C) ज़िरकॉन

(D) यूरेनियम

6. Orissa is the leading producer of which one of the following minerals ?

(A) Copper

(B) Iron ore

(C) Manganese ore

(D) Mica

उड़ीसा निम्नलिखित खनिजों में से किसका अग्रणी उत्पादक है ?

(A) ताँबा

(B) लौह अयस्क

(C) मैंगनीज़ अयस्क

(D) अभ्रक

7. Which one of the following has been the major source of foreign exchange for IT industry ?

(A) BHEL

(B) SAIL

(C) BPO

(D) OIL

1 सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए विदेशी मुद्रा प्राप्त करने का निम्नलिखित में से कौनसा प्रमुख स्रोत रहा है ?

(A) भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल)

(B) स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (सेल)

(C) व्यवसाय प्रक्रिया बाह्यस्रोतीकरण (बी पी ओ)

(D) ऑइल इण्डिया लिमिटेड

8. Which one of the following major ports has been developed to decongest Kolkata port ? *1*

(A) Kandla

(B) Haldia

(C) Paradip

1 (D) Marmagao

कोलकाता पत्तन पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए निम्नलिखित प्रमुख पत्तनों में से किसका विकास किया गया ?

(A) कांडला

(B) हल्दिया

(C) पारादीप

(D) मार्मागाओ

9. National Alliance for Peoples' Movements (NAPM) is *1*

(A) an organisation of organisations.

(B) an environmental movement.

(C) a political party.

(D) a public interest group.

1

नेशनल अलायंस फॉर पीपल्स मूवमेंट्स (NAPM) है

(A) संगठनों का एक संगठन ।

(B) एक पर्यावरणीय आन्दोलन ।

(C) एक राजनीतिक दल ।

(D) जनसामान्य का हित समूह ।

10. The struggle in Bolivia in 2000 was *1*

(A) to establish democracy.

(B) due to increase in price of water.

(C) to have a re-election.

(D) due to racial discrimination.

2000 में बोलिवीया का संघर्ष था

(A) लोकतंत्र की स्थापना करने के लिए ।

(B) जल की कीमतों के बढ़ने के कारण ।

(C) फिर से चुनाव कराने के लिए ।

(D) जातीय भेदभाव के कारण ।

11. The political party which believes in Marxism – Leninism is *1*

(A) Nationalist Congress Party.

(B) Communist Party of India.

(C) Dravida Munnetra Kazhagam (DMK).

(D) Bahujan Samaj Party.

वह राजनीतिक दल जो मार्क्सवाद – लेनिनवाद में विश्वास करता है

(A) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ।

(B) भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ।

(C) द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डी.एम.के.) ।

(D) बहुजन समाज पार्टी ।

12. The Seven Party Alliance (SPA) in Nepal has succeeded in removing monarchy, holding elections and forming a government. This comes under which one of the following challenges ? *1*

(A) Foundational challenge

(B) Challenge of expansion of democracy

(C) Challenge of deepening of democracy

(D) All the above

नेपाल में सप्त दलीय गठबंधन (एस.पी.ए.) राजशाही को हटाने, चुनाव कराने तथा सरकार बनाने में सफल रहा । यह निम्नलिखित में से किस चुनौती के अन्तर्गत आता है ?

(A) बुनियादी आधार बनाने की चुनौती

(B) लोकतंत्र के विस्तार की चुनौती

(C) लोकतंत्र को मज़बूत करने की चुनौती

(D) उपर्युक्त सभी

**13.** Which one of the following is ***not*** a feature of money ? *1*

(A) Medium of exchange

(B) Lack of divisibility

(C) A store of value

(D) A unit of account

निम्नलिखित में से कौनसा मुद्रा का गुण ***नहीं*** है ?

(A) विनिमय का माध्यम

(B) विभाज्यता की कमी

(C) मूल्य का भण्डार

(D) लेखा की इकाई

**14.** Professor Muhammad Yunus is the founder of which one of the following banks ? *1*

(A) Co-operative Bank

(B) Commercial Bank

(C) Grameen Bank

(D) Land Development Bank

प्रोफेसर मोहम्मद युनूस निम्नलिखित बैंकों में से किसके संस्थापक हैं ?

(A) सहकारी बैंक

(B) कॉमर्शियल बैंक

(C) ग्रामीण बैंक

(D) भूमि विकास बैंक

15. Which of the following is ***not*** a feature of a Multi-National Company ? *1*

(A) It owns/controls production in more than one nation.

(B) It sets up factories where it is close to the markets.

(C) It organises production in complex ways.

(D) It employs labour only from its own country.

निम्नलिखित में से कौनसी एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की विशेषता ***नहीं*** है ?

(A) यह एक से अधिक देशों में उत्पादन स्वामित्व/उत्पादन पर नियंत्रण रखती है ।

(B) यह बाज़ार के समीप फैक्ट्रियाँ स्थापित करती है ।

(C) यह उत्पादन प्रक्रिया जटिल ढंग से करती है ।

(D) यह केवल अपने देश के श्रमिकों को काम पर लगाती है ।

16. When did the United Nations adopt the guidelines for consumer protection ? *1*

(A) 1983

(B) 1984

(C) 1985

(D) 1986

संयुक्त राष्ट्र ने उपभोक्ता संरक्षण के लिए दिशानिर्देशों को कब अपनाया ?

(A) 1983

(B) 1984

(C) 1985

(D) 1986

17. Explain any three ways in which nationalist feelings were kept alive in Poland in the $18^{th}$ and $19^{th}$ centuries. *3×1=3*

**OR**

Explain any three characteristics of the 'Tonkin Free School' in Vietnam. *3×1=3*

अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दियों में पोलैण्ड में राष्ट्रीय भावनाओं को जीवंत बनाए रखने के किन्हीं तीन उपायों को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

वियतनाम में 'टोंकिन फ्री स्कूल' की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए ।

18. Explain any three effects of the Non Co-operation Movement on the economy of India. $3\times1=3$

भारत की अर्थव्यवस्था पर असहयोग आंदोलन के किन्हीं तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए ।

19. Make a distinction between hydroelectricity and thermal electricity stating three points of distinction. $3\times1=3$

जल-विद्युत् और ताप विद्युत् में तीन अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

20. Explain any three problems faced by Iron and Steel Industry in India. $3\times1=3$

भारत में लोहा और इस्पात उद्योग द्वारा सामना की गईं किन्हीं तीन समस्याओं को स्पष्ट कीजिए ।

21. Describe any three factors that control industrial location. $3\times1=3$

औद्योगिक अवस्थिति को नियंत्रित करने वाले किन्हीं तीन कारकों का वर्णन कीजिए ।

22. Explain how the relationship between political parties and pressure groups can take different forms. 3

राजनीतिक पार्टियों और दबाव समूहों के बीच सम्बन्ध किस प्रकार भिन्न रूप ले सकते हैं, स्पष्ट कीजिए ।

23. Explain the role of democratic governments in reducing economic disparities. 3

आर्थिक विषमताओं को कम करने में लोकतांत्रिक सरकारों की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

24. How do democracies accommodate social diversity ? Explain. 3

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ किस प्रकार सामाजिक विविधताओं में सामंजस्य स्थापित करती हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

25. Explain 'the challenge of expansion of democracy' by stating three points. $3\times1=3$

'लोकतंत्र के अपने विस्तार की चुनौती' की तीन बिन्दु देते हुए व्याख्या कीजिए ।

26. Explain any three advantages of globalisation. $3\times1=3$

वैश्वीकरण के किन्हीं तीन लाभों की व्याख्या कीजिए ।

27. What is a trade barrier ? Why did the Indian Government put up trade barriers after Independence ? Explain. $1+2=3$

व्यापार अवरोधक किसे कहते हैं ? स्वतंत्रता के बाद भारत सरकार ने व्यापार अवरोधक क्यों लगा दिए थे ? स्पष्ट कीजिए ।

**28.** Explain any three factors which gave birth to the Consumer Movement in India. *3×1=3*

भारत में उपभोक्ता आंदोलन को जन्म देने वाले किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए ।

**29.** "A consumer has the right to get compensation depending on the degree of the damage." Support this statement with an example. *3*

"उपभोक्ता को क्षति की मात्रा के आधार पर, क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार होता है ।" उदाहरण सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए ।

**30.** Explain any four ideas of Liberal Nationalists in the economic sphere. *4×1=4*

**OR**

Explain any four ways in which teachers and students organised resistance against the French in Vietnam. *4×1=4*

आर्थिक क्षेत्र में उदार राष्ट्रवादियों के किन्हीं चार विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

किन्हीं चार तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनके माध्यम से वियतनाम में अध्यापकों और छात्रों ने फ्रांसीसियों के विरुद्ध, विरोध प्रदर्शित किए ।

**31.** Explain four points about Gandhiji's idea of 'satyagraha'. *4×1=4*

गांधीजी के 'सत्याग्रह' के विचार के संदर्भ में चार बिन्दुओं को स्पष्ट कीजिए ।

**32.** Mention any two inland waterways of India. Write three characteristics of each. *1+3=4*

भारत के किन्हीं दो अंतःस्थलीय जलमार्गों का उल्लेख कीजिए । प्रत्येक की तीन-तीन विशेषताएँ लिखिए ।

**33.** Explain how dynastic succession is a major challenge for political parties in India. *4*

भारत में राजनीतिक पार्टियों के समक्ष वंशवाद किस प्रकार एक प्रमुख चुनौती है ? स्पष्ट कीजिए ।

**34.** Explain any four terms of credit with examples. *4×1=4*

ऋण की किन्हीं चार शर्तों को उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए ।

35. Two features (1) and (2) are marked in the given political outline map of **India** (on page 17). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : *2×1=2*

(1) The place, where the Indian National Congress Session of September 1920 was held.

(2) The place, where the movement of Indigo Planters took place.

**OR**

Locate and label the following features with appropriate symbols on the same political outline map of **India** (on page 17) : *2×1=2*

(i) Amritsar : The place of Jallianwala Bagh incident.

(ii) Bardoli : The place where no tax campaign was held.

**भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) में दो लक्षण (1) और (2) अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(1) वह स्थान जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(2) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन हुआ ।

**अथवा**

निम्नलिखित लक्षणों को **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके सही नाम लिखिए :

(i) अमृतसर : वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटी ।

(ii) बारदोली : वह स्थान जहाँ कर न देने का अभियान आरंभ हुआ ।

***Note :*** *The following questions are for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 35.*

(35.1) Name the place where the Indian National Congress session of September 1920 was held.

(35.2) Name the place where movement of Indigo planters took place. *2×1=2*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं ।*

(35.1) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ सितम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(35.2) उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन हुआ था ।

36. Three features (a), (b) and (c) are marked in the given political outline map of **India** (on page 19). Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map : *3×1=*

(a) Coal Mine

(b) Silk Industry

(c) International Airport

**OR**

Locate and label the following items on the same political outline map of **India** (on page 19) with appropriate symbols : *3×1=*

(i) Kanpur – Cotton Textile Industry

(ii) Bhadravati – Iron and Steel Plant

(iii) Kandla – Sea Port

**भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) में तीन लक्षण (a), (b) और (c) अंकित किए गए हैं । इन लक्षणों को नीचे दी गई जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(a) कोयला खान

(b) रेशम उद्योग केन्द्र

(c) अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

**अथवा**

निम्नलिखित मदों को **भारत** के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके सही नाम लिखिए :

(i) कानपुर – सूती वस्त्र उद्योग केन्द्र

(ii) भद्रावती – लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) कांडला – समुद्री पत्तन

***Note :*** *The following questions are for the* ***Blind Candidates*** *only, in lieu of Q. No. 36.*

(36.1) Name the state where Bhadravati Iron and Steel Plant is located.

(36.2) In which state is the Kandla Sea Port located ?

(36.3) Name the international airport in Tamil Nadu. *3×1=3*

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 36 के स्थान पर हैं ।*


(36.1) उस राज्य का नाम बताइए जहाँ भद्रावती लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है ।

(36.2) कांडला समुद्री पत्तन किस राज्य में स्थित है ?

(36.3) तमिल नाडु में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन का नाम बताइए ।

For question no. 35 and 35 (**OR**) प्रश्न सं. 35 एवं 35 (**अथवा**) के लिए

## Outline Map of India (Political)
## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)



For question no. 36 and 36 (**OR**) प्रश्न सं. 36 एवं 36 (**अथवा**) के लिए

## Outline Map of India (Political)

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)

